बिहार लोक सेवा आयोग

15, जवाहरलाल नेहरू मार्ग (बेली रोड),
पटना – 800001

आवश्यक सूचना

63वीं संयुक्त (प्रारंभिक) प्रतियोगिता परीक्षा

सामान्य प्रशासन विभाग, बिहार सरकार एवं सरकार के विभिन्न विभागों से अलग–अलग सेवाओं/संवर्गों के लिए प्राप्त रिक्तियों के आलोक में 63वीं संयुक्त (प्रारंभिक) प्रतियोगिता परीक्षा हेतु विज्ञापन का प्रकाशन आयोग द्वारा दिनांक– 09.11.2017 को किया गया था। **जिन अभ्यर्थियों द्वारा दिनांक– 04.12.2017 तक रजिस्ट्रेशन (पंजीकरण) किया जा चुका है,** लेकिन उनके द्वारा परीक्षा शुल्क का भुगतान नहीं किया गया है अथवा भुगतान के उपरान्त डैशबोर्ड पर भुगतान विवरणी नहीं भरा गया है, सिर्फ उनके लिए ऑनलाईन आवेदन भरने की प्रक्रिया पूर्ण करने के लिए पूर्व की निर्धारित तिथि को निम्न प्रकार से विस्तारित किया जाता है :–

क्र॰ सं॰	ऑनलाईन आवेदन संबंधी प्रक्रिया	पूर्व से निर्धारित अंतिम तिथि	विस्तारित अंतिम तिथि
1.	ऑनलाईन माध्यम अथवा बैंक में चालान के माध्यम से भुगतान करने एवं उसकी विवरणी डैशबोर्ड पर भरने की तिथि	04.12.2017	**11.12.2017**
2.	ऑनलाईन आवेदन भरने की तिथि	11.12.2017	**15.12.2017**
3.	आयोग कार्यालय में स्पीड पोस्ट/निबंधित डाक से आवेदन की हार्ड कॉपी एवं चालान की प्रति/ऑनलाईन भुगतान से संबंधित बैंक रसीद प्राप्त होने की तिथि	18.12.2017 के अपराह्न 5:00 बजे तक	**22.12.2017 के अपराह्न 5:00 बजे तक**

नोट–1 : **ऑनलाईन आवेदन हेतु रजिस्ट्रेशन (पंजीकरण) करने की अंतिम तिथि (दिनांक– 04.12.2017) में कोई परिवर्तन नहीं किया गया है।**

2 : **भुगतान की विवरणी डैशबोर्ड पर भरने के 24 घंटे बाद ही ऑनलाईन आवेदन भरने के लिए लिंक उपलब्ध होगा। अतः अभ्यर्थी दिनांक– 11.12.2017 तक निश्चित रूप से भुगतान विवरणी डैशबोर्ड पर भर लें। (ऑनलाईन भुगतान करने वाले अभ्यर्थी को भी भुगतान की विवरणी डैशबोर्ड पर भरना होगा)**

3 : इंटरनेट, बैंकिंग, ऑनलाईन भुगतान में व्यवधान के लिए आयोग जिम्मेवार नहीं होगा।

4 : ऑनलाईन आवेदन से सम्बन्धित आवश्यक निदेश एवं विस्तृत विज्ञापन आयोग के वेबसाईट www.bpsc.bih.nic.in पर दिनांक– 09.11.2017 को प्रदर्शित आवश्यक सूचना के साथ उपलब्ध है। अभ्यर्थी ऑनलाईन आवेदन भरने की प्रक्रिया पूर्ण करने के लिए आयोग के वेबसाईट पर पूर्व से प्रदर्शित विस्तृत विज्ञापन एवं ऑनलाईन आवेदन भरने हेतु आवश्यक निदेश का भली–भाँति अध्ययन कर लेंगे।

06.12.17

संयुक्त सचिव–सह–परीक्षा नियंत्रक,
बिहार लोक सेवा आयोग, पटना।